The Research Dialogue
An Online Quarterly Multi-Disciplinary
Peer-Reviewed / Refereed Research Journal
ISSN: 2583-438X
Volume-2, Issue-2, July-2023
www.theresearchdialogue.com

# कक्षा ग्यारह के छात्र एवं छात्राओं के करियर विकल्प जागरूक्ता का तुलनात्मक अध्ययन

**कु0 याचना वार्ष्णेय**
शोध छात्रा, एन0के0बी0एम0जी0 पी0जी0
कॉलेज, चन्दौसी (सम्भल) उ0प्र0

**श्रीमती अन्जुली अग्रवाल**
असिस्टेंट प्रोफेसर (एम0एड0 विभाग)
एन0के0बी0एम0जी0 पी0जी0
कॉलेज, चन्दौसी (सम्भल) उ0प्र0

**सारांश–**

*करियर जागरूकता आपकी रूचि के अनुसार आपको करियर के बारे में जानकारी प्रदान करता है तथा उस करियर को प्राप्त करने के लिए क्या करना है, यह बतलाना है। इस अध्यन का उद्देश्य कक्षा ग्यारह के छात्र एवं छात्राओं के करियर विकल्प जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन करना है। इस अध्ययन में बहजोई शहर कक्षा ग्यारह के 100 छात्र–छात्राओं का यादृच्छिक विधि से चयन किया है। प्रस्तुत शोध कार्य के लिए शोधार्थी ने डॉ0 सरिता आनन्द द्वारा निर्मित करियर ऑपसन्स अवेयरनेस स्केल का प्रयोग किया है तथा निष्कर्षानुसार पाया गया कि कक्षा ग्यारह के छात्र एवं छात्राओं के करियर जागरूकता के स्तर के सार्थक अन्तर है।*

**प्रस्तावना–**

शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के विकास के लिए प्राथमिक एजेंट है। शिक्षा के उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना माना जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की अकादमिक उपलब्धि ही करियर चुनाव की कुंजी होती है। उच्च माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों के लिए करियर

विकल्प का चुनाव करना अत्यन्त महत्वपूर्ण चरण है यदि विद्यार्थी अपनी रूचि और योग्यता के अनुसार सही करियर का चुनाव करता है और इसके लिए उसे पर्याप्त मार्गदर्शन प्राप्त हो तो वह भविष्य में सफल होने की ओर अग्रसर होता है। इसके लिए विद्यार्थी को विद्यालय में ही करियर विकल्पों के प्रति जागरूता करना अति आवश्यक होता है ताकि भविष्य में उन्हें किसी मुश्किल का सामना न करना पड़े।

करियर चुनाव एक महत्वपूर्ण कदम है जिसे प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में चुनना होता हैं। जिसका प्रभाव जीवन भर के रहेगा। करियर एक व्यक्ति के जीवन में बहुंत ही मौलिक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि आगे चलकर यही एक व्यक्ति की अजीविका का साधन बनता है। इसलिए करियर चुनने से पलले विद्यार्थी उसके विकल्पों की अच्छी समझ होनी चाहिये ताकि वे अपनी रूचि के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकें। यहां हम कह सकते है कि करियर जागरूक्ता करियर विकास का पहला चरण है और सही करियर का चुनाव करने के लिए महत्वपूर्ण है। मूलतः विद्यार्थी को करियर के विभिन्न के बारे में पता होना चाहिये ताकि वह अपने लिए करियर का रास्ता चुन सकें।

ऐसा माना जाता है कि करियर के उपयुक्त चुनाव कर पर काम की दुनिया में अधिक ध्यान किया गया है। (कुलश्रेष्ठ, 1979)

उत्सराव और घोंडीराम (2022) ने स्निर तालुका के ग्रामीण क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के करियर जागरूकता के बारे में अध्ययन किया और पाया कि सिन्नर तालुका में उच्चतर माध्यमिका छात्रों की करियर जागरूकता की वर्तमान स्थिति मध्यम है।

प्रियदर्शनी (2018) ने कालेज जाने वाले स्नातकों के बीच करियर योजना के बारे में जागरूकता के बारे में अध्ययन किया और पाया कि स्नातक छात्रों को अपना भविष्य बनने के

लिए करियर योजना के बारे में जागरूक्ता पैदा करना आवश्यक है और वे करियर योजना बनाने से पहले अपने माता पिता से संपर्क करने की संभावना रखते है।

राजन (2017) ने त्रिवेंद्रम में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित कालेजों के पूर्व विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच नर्सिंग के संबंध में करियर जागरूकता और करियर वरीयता पर एक तुलनात्मक अध्ययन किया है और पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों (58.3 प्रतिशत) और शहरी क्षेत्रों (61.61 प्रतिशत) के चयनित प्री यूनिवर्सिटी कालेजों में अधिकतम छात्रों ने अच्छी नौकरी हासिल करने के लिए आगे के अध्ययन का कारण बताया।

**समस्या कथन–**

कक्षा ग्यारह के छात्र–छात्राओं के करियर विकल्प जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन।

**अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व–**

जीवन में खुशियाँ प्राप्त करने के लिए एक बेहतरीन करियर होना आवश्यक है। जिसके लिए हमें करियर विकल्पों के विषय में जागरूक होने की आवश्यक है। जहां तक छात्र एवं छात्राओं का प्रश्न है प्रारम्भिक करियर जागरूकता बहुत महत्वपूर्ण और आवश्यक है। यह देखा गया है कि विद्यार्थी का सबसे अच्छा हिस्या विभिन्न करियर के बारे में नहीं जानता है जिनमें वे बिना किसी परेशानी के आगे बढ़ सकते है। विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों को प्रारम्भिक करियर जागरूकता प्रदान नहीं की जाती है जिसके फलस्वरूप वे अपने करियर का उचित प्रकार चुनाव नहीं कर पाते है। इसलिए विद्यार्थियों के लिए शुरूआती करियर जागरूकता अति आवश्यक है जोकि विद्यार्थियों के लिए करियर विकल्पों को समझने में मदद करती है, शिक्षित करती है तथा शैक्षणिक प्रदर्शन में वृद्धि लाती है।

**अध्ययन का उद्देश्य–**

1. कक्षा ग्यारह के छात्रों का करियर विकल्प जागरूकता के स्तर का अध्ययन करना।
2. कक्षा ग्यारह की छात्राओं करियर विकल्प जागरूकता के स्तर का अध्ययन करना।

3. कक्षा ग्यारह के छात्र एवं छात्राओं के करियर विकल्प जागरूक्ता के स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

**अध्ययन की परिकल्पना–**

1. कक्षा ग्यारह के छात्रों करियर विकल्प जागरूकता का स्तर सामान्य है।
2. कक्षा ग्यारह की छात्राओं के करियर विकल्प जागरूकता का स्तर सामान्य है।
3. कक्षा ग्यारह के छात्र एवं छात्राओं के करियर विकल्प जागरूक्ता के स्तर में सार्थक अन्तर नहीं है।

**अध्ययन का परिसीमांकन–**

1. इस अध्ययन की क्षेत्रीय सीमा बहजोई शहर तक रखी गयी है।
2. यह अध्ययन करियर जागरूकता जैसे चर से संबंधित है।
3. इस अध्ययन को कक्षा 11वीं में पढ़ने वाले 100 विद्यार्थियों (50 छात्र व 50 छात्राएं) तक सीमित किया गया है।

**अध्ययन की विधि–**

प्रस्तुत लघु शोध में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

**अध्ययन की जनंसख्या एवं न्यादर्श–**

प्रस्तुत शोधकार्य में बहजोई शहर के 2 विद्यालयों के 100 छात्र एवं छात्राओं को प्रतिदर्श के रूप में चयनित किया गया है। जिसमें से 50 छात्र एवं 50 छात्राएं है।

प्रस्तुत लघु शोध कार्य में न्यादर्श का चयन करने के लिए यादृच्छिक विधि का प्रयोग किया गया है।

**उपकरण–**

प्रस्तुत शोधकार्य में शोधार्थी ने डॉ0 सरिता आनन्द द्वारा निर्मित करियर ऑपसन्स अवेयरसेन स्केल का प्रयोग किया है।

**तथ्यों की व्याख्या एवं विश्लेषण–**

**कक्षा ग्यारह के छात्रों के करियर विकल्प जागरूकता के स्तर का अध्ययन करना**

| छात्रों की संख्या | प्राप्तांकों का योग | मध्यमान |
|---|---|---|
| 50 | 3403 | 68.06 |

उपर्युक्त तालिका से ज्ञात होता है कि चयनित छात्रों के प्राप्तांकों का योग 3403 है तथा मध्यमान 68.06 है।

**कक्षा ग्यारह के छात्राओं के करियर विकल्प जागरूकता के स्तर का अध्ययन करना**

| छात्राओं की संख्या | प्राप्तांकों का योग | मध्यमान |
|---|---|---|
| 50 | 2481 | 46.62 |

उपर्युक्त तालिका से ज्ञात होता है कि चयनित छात्राओं के प्राप्तांकों का योग 2481 है तथा मध्यमान 49.62 है।

**कक्षा ग्यारह के छात्र व छात्राओं के करियर विकल्प जागरूकता के स्तर का अध्ययन करना**

**शून्य परिकल्पना–**

कक्षा ग्यारह के छात्र व छात्राओं के करियर विकल्प जागरूकता के स्तर में सार्थक अन्तर नहीं है।

| प्रतिदर्श | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | अन्तर मध्यमान | $\sigma D$ | टी मूल्य | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 50 | 68.06 | 17.33 | 18.44 | 4.14 | 4.45 | t 0.01= 2.63 df=98 |
| छात्राएं | 50 | 49.62 | 23.59 | | | | t 0.05= 1.96 df=98 |

**निष्कर्ष–**

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि गणना करने पर टी मूल्य 4.45 है जोकि 0.01 सार्थकता स्तर के लिए आवश्यक मान 2.63 से अधिक है तथा 0.05 सार्थकता स्तर के लिए आवश्यक मान 1.98 से भी अधिक है। इसलिए यह अन्तर सार्थक है अतः शून्य परिकल्पना अस्वीकार की जाती है। इस प्रकार हम कह सकते है कि छात्र एवं छात्राओं के करियर विकल्प जागरूकता के स्तर में अन्तर सार्थक है।

**निष्कर्ष विवेचन–**

अध्ययन का उद्देश्य कक्षा ग्यारह के छात्र एवं छात्राओं में करियर विकल्प जागरूकता के स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना था। अध्ययन के फलस्वरूप पाया गया कि सार्थकता ज्ञात करने पर छात्र एवं छात्राओं के करियर विकल्प जागरूकता के स्तर में सार्थक अन्तर है। अतः कहा जा सकता है कि छात्र और छात्राओं के करियर विकल्प जागरूकता का स्तर भिन्न है।

**शैक्षिक महत्व–**

प्रस्तुत अध्ययन में करियर विकल्पों के महत्व पर विचार करना आवश्यक है। अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर लड़के और लड़कियों में करियर विकल्पों के प्रति जागरूकता लाने के लिए उन्हें ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के अवयर प्रदान करने होंगे जो करियर विकल्पों के बारे में ज्ञान प्रदान करती है। साथ ही छात्र–छात्राएं करियर विकल्पों के प्रति जागरूक हो सकेंगे। प्रस्तुत लघु शोध के निष्कर्ष के आधार पर छात्रों एवं छात्राओं को करियर विकल्प जागरूकता के प्रति सजग किया जा सकता है।

इस प्रकार, अध्ययन का शैक्षिक निहितार्थ यह होगा कि छात्र एवं छात्राएं करियर जागरूकता के विकल्पों के बारे में जान सकेंगे और उनसे परिचित हो सकेंगे ताकि वे अपनी रूचि के अनुसार करियर का चुनाव कर सकें।

## संदर्भ ग्रन्थ सूची


- अग्रवाल, टी (2008) भारत में प्रबन्धन के छात्रों की करियर पसंद को प्रभावित करने वाले कारक। करियर डेवलपमेंट इण्टरनेशनल, 13(4), 362–376
- अग्रवाल, अंजुली (2015) ए स्टडी ऑफ इफेक्ट ऑफ रिस्क टेकिंग विहेवियर ऑन द एकेडमिक अचीवमेंट ऑफ सीनियर सेकेण्ड्री स्टूडेंट्स।
- उत्तमरराव, सी0 एवं घोंडीराम, पी0 (2022) सिन्नार तालुका के ग्रामीण क्षेत्र में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों में करियर जागरूकता का अध्ययन। इण्टरनेशनल जर्नल फॉर इनोवेटिव रिसर्च इन मल्टीडिसीप्लीनरी फील्ड, 8(9), 76–82
- गुप्ता, अल्का एवं गुप्ता, एस0पी0 आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन, शारदा पुस्तक भवन इलाहाबाद, संस्करण, 2013
- गुप्ता, एस0पी0 अनुसंधान परिचयात्मक अवधारणाएं, विधियां और तकनीकें, 2014
- राजन, जे0 (2017) त्रिवेन्द्रम में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित कालेजों के प्री यूनिवर्सिटी छात्रों के बीच नर्सिंग के सम्बन्ध में करियर जागरूकता और करियर प्राथमिकता पर एक तुलनात्मक अध्ययन। सामुदायिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य नर्सिंग, 2(1), 31–45
- सेठी, आर0 (2015) ओडिशा के माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की करियर जागरूकता का अध्ययन। स्कॉलरली रिसर्च जर्नल, 29(4), 4822–4834
- प्रियदर्शिनी, एम0 (2018) महाविद्यालयों में जाने वाले ग्रेजुएट्स में करियर नियोजन के प्रति जागरूकता : सेलम जिले में एक अध्ययन। इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ साइंटिफिक रिसर्च एण्ड रिव्यू, 7 (4), 493–504

- यामाशिता, टी0 कालेज के छात्रों में करियर निर्णय लेना : जापान और कोरिया के लिए क्रॉस–सांस्कृतिक तुलना। साइकोल रिपोर्ट्स 1999; 84:1143

https://www.researchgate.net/

https://scholar.google.com/

https://bdaily.co.uk/

https://shodhgangatri.infibnet.ac.in/

https://subjects/inflibnet.ac.in/

https://www.ijirmf.com/

https://www.academic.edu/

https://ess.inflibnet.ac.in/

# THE RESEARCH DIALOGUE

An Online Quarterly Multi-Disciplinary
Peer-Reviewed / Refereed National Research Journal
ISSN: 2583-438X
Volume-2, Issue-2, July-2023
www.theresearchdialogue.com
Certificate Number July-2023/33
Impact Factor (IIJIF-1.561)
https://doi-ds.org/doilink/01.2023-11922556

# Certificate Of Publication

*This Certificate is proudly presented to*

कु0 याचना वार्ष्णेय एवं श्रीमती अन्जुली अग्रवाल

*for publication of research paper title*

कक्षा ग्यारह के छात्र एवं छात्राओं के करियर विकल्प जागरूक्ता का तुलनात्मक अध्ययन

Published in 'The Research Dialogue' Peer-Reviewed / Refereed Research Journal and E-ISSN: 2583-438X, Volume-02, Issue-02, Month July, Year-2023.

**Dr. Neeraj Yadav**
**Executive Chief Editor**

**Dr. Lohans Kumar Kalyani**
**Editor-in-chief**

**Note:** This E-Certificate is valid with published paper and the paper must be available online at www.theresearchdialogue.com

INDEXED BY